आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 21.09.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा –कल से प्रभावी होने वाले जीएसटी सुधारों से सभी वर्ग और कारोबारियों को लाभ होगां

- केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जोधपुर में पारसमल बौहरा नेत्रहीन महाविद्यालय के नये भवनों का शिलान्यास किया–कहा– दिव्यांगजन को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए सभी का सहयोग जरूरीं

- प्रदेशभर में सेवा पखवाडा के तहत विभिन्न स्थानों पर नमो युवा रन मैराथन सहित विभिन्न आयोजन हुएं

- शारदीय नवरात्र कल से –विभिन्न शक्ति पीठों और मन्दिरों में धार्मिक आयोजन होगें

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अब से कुछ देर पहले राष्ट्र को सम्बोधित करते हुए कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार नवरात्रि के पहले दिन कल से प्रभावी होंगें श्री मोदी ने कहा कि इसी के साथ जीएसटी बचत उत्सव भी शुरू होगां लोग कम कीमत पर अपने पसंद के सामान खरीद सकेंगें उन्होंने कहा कि राष्ट्र की विकास गाथा इन सुधारों के साथ बदल जाएगीं युवा, नव मध्यम वर्ग, किसानों, महिलाओं और उद्यमियों को इस बचत उत्सव से बहुत लाभ होगां उन्होंने कहा कि हर राज्य राष्ट्र के विकास की यात्रा में एक समान साझेदार होगां

........................

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने कर प्रणाली को आसान बनाया हैं उन्होंने बताया कि 2014 में सत्ता में आने के बाद राज्यों और हितधारकों से परामर्श के बाद उनकी सरकार ने वस्तु और सेवाकर को वरीयता दीं उन्होंने कहा कि आवश्यक वस्तुएं, दवाईयां और स्वास्थ्य बीमा पांच प्रतिशत कर के दायरे में होंगें प्रधानमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले बारह वर्षों में 25 करोड़ लोग निर्धनता से उबरे हैं उन्होंने कहा कि जीएसटी कम होने से मध्यम वर्ग के सपने पूरे करना और आसान होगां

....................

इधर प्रदेश में कल से जीएसटी बचत उत्सव मनाया जाएगां 29 सितम्बर तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य जीएसटी दरों में कटौती का लाभ आम उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के साथ ही व्यवसायी वर्ग को प्रेरित करना हैं

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज जयपुर में जीएसटी दरों के संबंध में मंत्रियों और विधायकों की वर्चुअल माध्यम से बैठक लेने के बाद ये जानकारी दीं उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा

देशवासियों को त्यौहारों के शुभअवसर पर जीएसटी दरों में कमी की अनूठी सौगात दी गई हैं इसका व्यापक लाभ सुनिश्चित करने के जनजागरूकता जरूरी हैं श्री शर्मा ने मंत्री और विधायकों को निर्देश दिये कि अभियान की अवधि के दौरान वे अपने–अपने क्षेत्रों में जीएसटी बचत उत्सव का व्यापक प्रचार–प्रसार करे और आमजन को जागरूक करें

000

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज जोधपुर पहुंचें वहां उन्होंने राम नगर चोखा में पारसमल बोहरा नेत्रहीन महाविद्यालय के नए भवनों का शिलान्यास कियां इस अवसर पर समारोह को सम्बोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि समाज, सरकार और स्वयं सेवी संस्थाएं मिलकर निश्चिय करें तो दिव्यांगजन हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं

................

प्रदेशभर में सेवा पखवाड़े के तहत आज विभिन्न स्थानों पर नमो युवा रन आयोजित की गई लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा में उम्मेद सिंह स्टेडियम से रन को रवाना कियां वहीं केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने अलवर में नमो युवा रन को हरी झंडी दिखाईं जोधपुर में केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने गौशाला मैदान से नमो युवा रन मैराथन को रवाना कियां मैराथन में केन्द्रीय मंत्री श्री शेखावत, सांसद राजेन्द्र गहलोत सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि और युवाओं ने भाग लियां नशा मुक्त भारत थीम पर आयोजित हो रही इस दौड़ को जयपुर में अमर जवान ज्योति से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हरी झंडी दिखाईं इसके बाद मुख्यमंत्री सीकर के सांवली पहुंचें यहां उन्होंने हजारों युवाओं को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाईं सेवा पखवाड़ा के तहत नशा मुक्ति शपथग्रहण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने युवाओं से किसी भी तरह का नशा नहीं करने की अपील कीं साथ ही कहा कि युवाओं के सपने को साकार करने के लिए केन्द्र और राज्य सरकार पूरी तरह तैयार हैं

....................

झुंझुनूं में हुई मैराथन में जिला कलेक्टर डॉ. अरूण गर्ग ने अव्वल रहने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत कियां जैसलमेर में भी निःशुल्क चिकित्सा शिविर और नमो युवा रन का आयोजन किया गयां भीलवाड़ा में भाजपा कार्यालय पर लगाई प्रदर्शनी का उद्‌घाटन सांसद सी.पी. जोशी ने कियां

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष में उनकी जीवनी पर आधारित फिल्म "चलो जीते हैं" प्रदेश के सिनेमाघरों और विद्यालयों में दिखाई जा रही हैं विभिन्न जिलों में दिखाई जा रही इस फिल्म की सभी लोग प्रशंसा कर रहे हैं भीलवाड़ा में फिल्म देखने के बाद युवा दर्शक मनीष जांगिड़ ने इसे प्रेरणादायी बतायां

.....................

शारदीय नवरात्र कल से शुरू हो रहे हैं आज सर्व पितृ अमावस्या के साथ ही श्राद्ध पक्ष का समापन हो जाएगां नवरात्रि पर्व में घटस्थापना के साथ ही नौ दिनों तक मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की

उपासना की जाएगीं इसके साथ ही विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगें देवी मंदिरों को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया जा रहा हैं नवरात्रि पर मेलों का भी आयोजन होगां जयपुर के आमेर में स्थित शिला माता शक्ति पीठ में भी नवरात्र पर्व को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं करौली उत्तर भारत के प्रसिद्ध शक्ति पीठ कैला देवी धाम में कल से शारदीय नवरात्र मेले की शुरूआत होगीं हमारे संवाददाता ने बताया कि मेले में राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों के श्रद्धालु शामिल होगें

.................

सिरोही जिले में भी नवरात्र पर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह नजर आ रहा हैं मन्दिरों की विशेष सजावट के साथ—साथ गरबा आयोजनों को लेकर भी तैयारियां की जा रही हैं और ब्यौरा हमारे संवाददाता से —

...............

एशिया कप टी—20 क्रिकेट टूर्नामेंट में आज एक बार फिर भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने—सामने होंगीं सुपर 4 के दूसरे मुकाबले में ये मैच दुबई में रात आठ बजे से शुरू होगां आज के मुकाबले में जीतने वाली टीम फ़ाइनल की दौड़ में शामिल रहेगीं भारत ने पिछले सप्ताह ग्रुप—स्टेज मुकाबले में पाकिस्तान पर सात विकेट से शानदार जीत हासिल की थीं

000

प्रदेश में मॉनसून की विदाई के बीच गर्मी का असर बढ़ने लगा हैं इस बीच कई जिलों में हल्की बारिश दर्ज हुईं बीते 24 घंटों में डूंगरपुर, डबोक और जयपुर सहित कुछ जगहों पर बरसात हुईं श्रींगगानगर में दिन का तापमान करीब 39 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआं हनुमानगढ़, बाड़मेर और पिलानी में अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहां मौसम केन्द्र जयपुर ने आज और कल जयपुर, अजमेर, कोटा, भरतपुर और उदयपुर संभाग में कहीं—कहीं गरज के साथ बारिश की गतिविधियां जारी रहने के आसार हैं

000